PIC·COLLAGE

दैनिक भास्कर

अजमेर 18-12-2021

दैनिक भास्कर

न्यूज ब्रीफ

एनएसएस विशेष शिविर आयोजित

अजमेर| राजकीय कन्या महाविद्यालय अजमेर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत के संयुक्त तत्वाधान में गोद लिए हुए गांव भूणाबाय एवं घूघरा में शिविर का आयोजन हुआ। शिविर की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। डॉ. नीहारिका राठौड़ ने 7 दिवस तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. पारुल वर्मा ने छात्राओं को कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी। इसके बाद 2 घंटे कार्यशाला सत्र चला, जिसमें महिला सुरक्षा एवं महिला स्वास्थ्य संबंधित विषय पर छात्राओं ने ग्रुप बनाकर कार्य किया। आसपास के स्थानों पर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। इधर-उधर पड़े कचरे एवं मलबे को छात्राओं ने हटाया। श्रमदान करने के बाद छात्राओं ने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय को लेकर रैली की। ग्राम के मुख्य मार्ग से होकर पुनः शिविर स्थल तक रैली आयोजित की गई।

पंचाक्षर मंत्र से होता है जगत का कल्याण